**बुधवार**
26 अप्रैल 2023



पृष्ठ 4
आंखों की सूजन कम करना चाहते हैं तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



पृष्ठ 5
तेलुगू फिल्म छत्रपति के हिंदी रीमेक में नजर आएंगी नुसरत भरूचा



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 86
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

पीड़ा से दृष्टि मिलती है, इसलिए आत्मपीड़न ही आत्मदर्शन का माध्यम है!

—महावीर

# काबीना मंत्री चंदन रामदास का निधन



विशेष संवाददाता

बागेश्वर/देहरादून। काबीना मंत्री चंदन रामदास का आज बागेश्वर के जिला अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलने पर राजनीतिक हलकों में शोक की लहर है।

अपने सरल स्वभाव और एक सुलझे हुए नेता की पहचान के तौर पर जाने जाने वाले चंदन रामदास गरीब और कमजोर तथा पिछड़े वर्ग के हितैषी नेता थे। हालांकि वह लंबे समय से कई बीमारियों से जूझ रहे थे। बीते समय में उनका दिल्ली एम्स व देहरादून मैक्स अस्पताल में भी इलाज कराया गया था। लेकिन वर्तमान में वह पूरी तरह ठीक थे एक दिन पहले वह पिथौरागढ़ गए थे। वहीं कल वह प्रभारी मंत्री के तौर पर अल्मोड़ा भी गए थे जहां उन्होंने एक बैठक भी की थी, इसके बाद वह बागेश्वर पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक यहां उन्हें आज एक कार्यक्रम में भाग लेना था लेकिन बीती रात उनकी तबीयत

**●बागेश्वर के जिला अस्पताल में ली अंतिम सांस**
**●सरल स्वभाव व सुलझे हुए नेता थे चंदन रामदास**
**●लंबे समय से चल रहे थे बीमार, शोक की लहर**

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## जन नेता के निधन पर शोक

देहरादून। काबीना मंत्री चंदन राम दास के आकस्मिक निधन पर सांध्य दैनिक 'दून वैली मेल' परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि चंदन रामदास एक विधायक या मंत्री ही नहीं थे वह जन नेता थे, गरीब और कमजोर वर्ग की आवाज थे। चंदन राम दास जो सभी का दर्द समझते थे। हमने आज अति सरल स्वभाव और संवेदनशील जन नेता को खो दिया है। अभी बीते साल नाइट मार्केट का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा था कि इस तरह के आयोजन आम आदमी की कमाई का अच्छा जरिया बन सकते हैं इसलिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। दून वैली मेल परिवार उनके निधन पर शोक संवेदनाएं प्रेषित करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे परिजनों को इस दुख को सहने की हिम्मत व साहस प्रदान करें।

# सात लाख रुपये की ट्रैकिंग मशीन के साथ 3 गिरफ्तार

संवाददाता



देहरादून। पुलिस ने चोरी की सात लाख रुपये की ट्रैकिंग मशीन के साथ तीन गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए डीआईजी/एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि 20 अप्रैल को थाना रायवाला पर फूलचन्द्र मौर्य पुत्र हुवलाल निवासी विक्रमपुर धनपुर, हडिया, इलाहाबाद द्वारा नेपाली फार्म के पास से फाल्कन कम्पनी की ट्रेकिंग मशीन चोरी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना रायवाला तथा एसओजी देहात की संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम को आज सूचना मिली कि जिन लोगों द्वारा नेपाली फार्म क्षेत्र से मशीन चोरी की गयी थी, वो उक्त मशीन को स्विफ्ट कार से भानियावाला की तरफ से हरिद्वार होते हुए दिल्ली ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ओणेश्वर मन्दिर के पास हाइवे पर बैरियर लगाकर चैकिंग प्रारम्भ की गयी। चैकिंग के दौरान देहरादून भानियावाला की तरफ से एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार आती हुई दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा बैरियर लगाकर रोका गया, जिसमे तीन व्यक्ति बैठे थे, जिनसे नाम पता पूछने पर चालक द्वारा अपना नाम रोहित उर्फ रोहित कटारिया पुत्र स्व. प्रेमचन्द बताया, बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अभिषेक पुत्र महेन्द्र कुमार तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मसरुर आलम उर्फ मंशूर पुत्र मकसूद अली बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे एक काले-नीले बैग से डीजी ट्रेकर मशीन बरामद हुई। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## पीएम मोदी ने प्रकाश सिंह बादल को दी श्रद्धांजलि

चंडीगढ़। देश के सबसे वयोवद्ध नेता और सांप्रदायिक सद्भावना के पुरोधा रहे प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार देर शाम मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। आज पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री के साथ मनोहर लाल खट्टर भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। प्रकाश सिंह बादल का पार्थिव शरीर शिरोमणि अकाली दल के मुख्य दफ्तर चंडीगढ़ सेक्टर 28 में रखा गया है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया जाएगा। प्रकाश सिंह बादल पहली बार साल 1970 में पंजाब के मुख्यमंत्री बने थे। वह आखिरी बार इस पद पर साल 2017 में थे, वह सिख- केंद्रित पार्टी शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक भी थे। 12 फरवरी 1997 से 26 फरवरी 2002 की अवधि के बीच भी बादल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे।

प्रकाश सिंह बादल साल 1957 में पहली बार शिरोमणि अकाली दल से पंजाब विधानसभा के लिए चुने गए थे। साल 1969 में बादल एक बार फिर से चुन कर आए और तत्कालीन पंजाब सरकार में सामुदायिक विकास, पंचायती राज, डेयरी, पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री का पदभार संभाला। प्रकाश सिंह बादल कुल मिलाकर 10 बार विधान सभा के लिए चुने गए थे। बादल साल 1972, 1980 और 2002 में विपक्ष के नेता थे। साल 1997 के चुनावों में प्रकाश सिंह बादल लंबी विधानसभा क्षेत्र से जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

# मुकेश अंबानी ने मनोज मोदी को गिफ्ट किया 1500 करोड़ की 22 मंजिला इमारत



मुंबई। एशिया के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी ने अपने फेवरेट इंप्लॉई और भरोसेमंद इंप्लॉई मनोज मोदी को आलीशान घर गिफ्ट किया है।

दशकों से रिलायंस का हिस्सा रहे मनोज मोदी फिलहाल रिलायंस जियो और रिटेल के डायरेक्टर हैं। मुकेश अंबानी की ओर से गिफ्ट की गई भव्य इमारत को वृंदावन नाम दिया गया है। यह इमारत जिस सड़क पर है, वहीं जिंदल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सज्जन जिंदल भी रहते हैं। उनके आवास का नाम माहेश्वरी हाउस है। यह प्रॉपर्टी जिस नेपीन सी रोड पर स्थित है, वहां 70,600 रुपये प्रति वर्ग फुट तक जमीन का रेट है। मनोज मोदी की इस इमारत की कीमत 1500 करोड़ रुपये तक आंकी गई है।

इस घर को तलाटी एंड पार्टनर्स एलएलपी ने डिजाइन किया है और फर्नीचर इटली से मंगाया गया है। प्रॉपर्टी वेबसाइट मैजिक ब्रिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक मनोज मोदी को जो घर गिफ्ट किया गया है, वह 22 मंजिला इमारत है। बिल्डिंग 1.7 लाख वर्ग फुट में फैली हुई है, जिसमें प्रत्येक मंजिल 8000 वर्ग फुट के एरिया को कवर करती है। इस इमारत में 7 मंजिलों तक पार्किंग प्रतिबंधित है। इस बीच मनोज मोदी ने मुंबई में अपने दो अपार्टमेंट्स को बेचा है, जिसके दस्तावेजों के मुताबिक इनकी कीमत 41.5 करोड़ रुपये थी। ये दोनों ही महालक्ष्मी में थे। इनमें से 28वीं मंजिल पर था, जबकि दूसरा फ्लैट 29वीं मंजिल पर था। मुकेश अंबानी की ओर से मनोज मोदी को दिए गए इस शानदार गिफ्ट की सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा हो रही है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# महिला पहलवानों की सुनो सरकार

महिलाओं के सम्मान और उनके सशक्तिकरण की बात करने वाले देश के उन नेताओं को इस बात पर गौर करने की जरूरत है कि जिन महिला पहलवानों ने अपनी प्रतिभा से देश का सम्मान बढ़ाया उन्हें बार-बार जंतर मंतर पर धरने पर बैठने और इंसाफ के लिए देश की सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाने की जरूरत क्यों पड़ रही है। यह कोई मामूली मुद्दा नहीं है जब आधा दर्जन से अधिक महिला पहलवानों द्वारा कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर अपने शारीरिक और मानसिक शोषण के आरोप लगाए जा रहे हैं। यौन उत्पीडन का आरोप लगाने वाली इन पहलवानों में नाबालिग भी शामिल है। खास बात यह है कि इस मामले की सुनवाई करने को लिए तैयार सुप्रीम कोर्ट ने भी यह माना है कि यह अत्यंत ही गंभीर मामला है उस मामले पर भी देश की सर्वोच्च सत्ता पर आसीन नेताओं की चुप्पी और आरोपी का बचाव करने की कोशिशें और भी अधिक हैरान करने वाली हैं जिसके कारण गंभीर आरोपों के बावजूद भी आरोपी अभी तक अपनी कुर्सी पर जमा है और दिल्ली पुलिस ने 4 माह बाद भी इन महिला पहलवानों की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट को दिल्ली पुलिस ने जो दलील दी है कि रिपोर्ट लिखने से पहले वह तथ्यों की जांच कर लेना चाहती है अत्यंत ही हास्यापद है। यह महिला पहलवान इससे पूर्व जनवरी में भी धरने पर बैठी थी। तब से लेकर अब तक इस मामले में दिल्ली पुलिस न जांच कर सकी न ही रिपोर्ट लिख सकी अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा जब पुलिस को 3 दिन का समय रिपोर्ट लिखने के लिए दिया गया और अदालत में अपना पक्ष रखने को कहा गया तब पुलिस की नींद टूटी है। अब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 2 दिन बाद यानी 28 अप्रैल को होनी है। यह सभी जानते हैं कि पंजाब-हरियाणा और यूपी के ग्रामीण अंचलों से सबसे अधिक महिला पहलवान निकल कर आती हैं। हरियाणा की तमाम खाप पंचायतें अब इन महिला पहलवानों के समर्थन में आकर खड़ी हो गई है तो इसके राजनीतिक मायने भी समझे जा सकते हैं। भले ही इस मामले की जांच के लिए मुक्केबाज मैरीकॉम की अध्यक्षता में बनी जांच समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक न की गई हो लेकिन महिला पहलवानों द्वारा लगाए जाने वाले आरोप अत्यंत गंभीर तो है ही साथ ही उनके द्वारा दोबारा फिर इंसाफ की लड़ाई के लिए जंतर-मंतर तक आना और सर्वोच्च न्यायालय तक जाना यह बताता है कि यह महिलाएं बेवजह अपनी फजीहत नहीं करा रही हैं उनके पास बृज भूषण के खिलाफ पुख्ता सबूत भी हैं। लेकिन इस पूरे प्रकरण में सत्ता पक्ष की संवेदनहीनता भी एक बड़ा सवाल है। अब जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है तो इसमें दूध का दूध और पानी का पानी होकर ही रहेगा। लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि जिस देश के खिलाड़ियों के पदक जीतने पर ही नहीं बल्कि पदक से चूकने पर भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उनका मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें बधाई देते हैं उन्हें खेल संघों में व्याप्त गंदगी की सफाई की भी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे देश विदेश में भारत की छवि धूमिल न हो।

# 8 से 14 मई तक होने वाली भागवत कथा के लिए संकल्प व भूमि पूजन

देहरादून (सं)। आठ से 14 मई तक होने वाले श्रीमद् भागवत कथा के लिए संकल्प व भूमि पूजन किया गया। आज यहां कुशल चार धाम यात्रा, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदेश की सुख समृद्धि व रिवर्स पलायन हेतु, श्रीमद् भागवत सेवा समिति के तत्वाधान में, श्री महाकाल सेवा समिति व श्री शाकुम्भरी देवी समिति द्वारा आगामी 8 मई से 14 मई तक भव्य एवं दिव्य श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन हेतु आज संकल्प एवं भूमि पूजन किया गया। सुप्रसिद्ध कथा व्यास प्रखर एवं ओजस्वी वक्ता सुभाष जोशी, सुधीर जैन, लाल चंद शर्मा, राजकुमार, अशोक कोहली, विनोद सिंघल, आलोक जैन, रोशन राणा,एम पी नवमी गोयल, जी के गौड, बालेश गुप्ता, गजेंद्र सिंह, विनोद कश्यप ,संजीव गुप्ता ,राहुल माटा, शिवम गुप्ता ,जितेंद्र मलिक, शशि जैन, मीना गुप्ता, मितू अग्रवाल रजनी राणा ,कृतिका राणा अनुष्का राणा आदि मौजूद थे।

*स त्वमग्ने विभावसुः सृजन्सूर्यो न रश्मिभिः।*
*शर्धन्तमांसि जिघ्नसे॥*

(ऋग्वेद ८-४३-३२)

परमेश्वर की उपासना से अंतः करण में ज्ञान का प्रकाश होता है हम पावन होते हैं। जिस प्रकार सूर्य के उदय होने पर अंधकार का नाश होता है उसी प्रकार परमेश्वर की ज्ञान ज्योति के उदय होने पर अज्ञानता के अंधकार का नाश होता है।

By worshipping God, the inner is lighted with knowledge, and we are purified. Just as darkness is dispelled by the rising of the sun, similarly, the darkness of ignorance is dispelled by the rising of the light of God's knowledge.(Rig Ved 8-43-32)

# तुलसी चौक पर बन्द पड़े फव्वारों को चार दिन के भीतर चालू करें: जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने मंगलवार को तुलसी चौक के आसपास के क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण की दृष्टि से निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी जैसे ही तुलसी चौक चौराहे पर पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले गोस्वामी तुलसीदास जी की जहां पर प्रतिमा स्थापित है, उसके चारों ओर की व्यवस्थाओं को एक-एक करके देखा तथा उनके सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी ली।

उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा के चारों तरफ जो फव्वारे स्थापित किये गये हैं, के बारे में पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि तुलसी चौक का सौन्दर्यीकरण का कार्य आरडब्ल्यूडी द्वारा किया गया था तथा ये फव्वारे उन्हीं द्वारा स्थापित किये गये हैं, जो वर्तमान में कार्य नहीं कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट की तथा निर्देश दिये कि आरडब्ल्यूडी के अधिकारियों को तलब करते हुये चार दिन के भीतर इन फव्वारों को संचालित करें।

विनय शंकर पाण्डेय ने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये कि धूप व बरसात को देखते हुये तुलसी चौक की आसपास की परिधि में बैठने के लिये कोई शेड आदि स्थापित नहीं है तथा बुजुर्ग आदि लोग यहां पर सुबह-शाम भ्रमण के लिये आते हैं, के दृष्टिगत तुलसी चौक की आसपास की परिधि के कोनों में स्थान चिह्नित कर शेड स्थापित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के पश्चात हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की तथा विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये चन्द्राचार्य चौक से भगत सिंह चौक के मध्य की एरिया के सौन्दर्यीकरण के कार्यों के सम्बन्ध में पूर्व में किये गये निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों-आरनामेंटल रेलिंग, दोनों तरफ के निष्प्रयोज्य बिजली के खम्भों को हटाने, आसपास की नालियों को कवर करने, पार्किंग एरिया विकसित करने आदि के क्रम में समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि ये सभी कार्य 15 दिन के भीतर धरातल पर दिखाई देने चाहिये।

इस अवसर पर सचिव एचआरडीए उत्तम सिंह चौहान, एसडीएम पूरण सिंह राणा, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण सुरेश तोमर, एई एचआरडीए पंकज पाठक सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भैंस चोरी

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने भैंस चोरी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुल्लावाला निवासी रमा देवी ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपने घर के बाहर गौशाला बना रखी थी जिसमें उसने भैंस पाल रखी थी।

आज जब वह सुबह उठी तो उसने देखा कि गौशाला से उसकी भैंस व बछडा गायब थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल के आकस्मिक निधन पर जताया शोक

नगर संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचवन्द शर्मा ने शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। अपने शोक संदेश में लालचन्द शर्मा ने कहा कि प्रकाश सिंह बादल के आकस्मिक निधन से हृदय को आघात पहुंचा है, परन्तु प्रभु इच्छा के आगे हम सब लाचार हैं। उन्होंने कहा कि स्व. प्रकाश सिंह बादल ने एक राजनेता के रूप में समाज को जो सेवायें दी तथा पंजाब प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश को दी गई सेवाओं के लिए वे सदैव याद किये जाते रहेंगे। उनके निधन से राजनैतिक जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। हम दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं, भगवान स्व. प्रकाश सिंह बादल की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार एवं उनके प्रशंसको को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# हेरिटेज स्कूल के युवराज ने जूनियर एकल टेबल टेनिस मे अंशुल को हराया

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। द हेरिटेज स्कूल मे आयोजित प्रथम हेरिटेज स्कूल इन्विटेशनल इंटर स्कूल जूनियर एवं सीनियर बॉयज टेबल टेनिस टूर्नामेंट मे के एकल मैच में हेरिटेज के युवराज चौधरी ने ऑक्सफोर्ड स्कूल के अंशुल को 3-0 से हराया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग का पहला मैच पूल ए में श्री राम सेंटेनियल स्कूल और द हेरिटेज स्कूल (ए) के बीच खेला गया । द हेरिटेज स्कूल (ए) ने यह मैच 3-2 के सेट स्कोर से जीता। सीनियर ब्वायज के एकल वर्ग में पहला मैच युवराज चौधरी और अशुल कुमार के बीच खेला गया। जिसमे युवराज चौधरी ने 3-0 के सेट स्कोर से मैच जीता। सीनियर ब्वायज के एकल वर्ग में दूसरा मैच अधिराज सिंह और रतुल वर्मा के बीच खेला गया। जिसमे आधिराज सिंह ने 3-0 के सेट स्कोर से मैच जीता।




टीम प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग का पहला मैच पूल बी में द आर्यन स्कूल और दून इंटरनेशनल स्कूल, रिवरसाइड के बीच खेला गया। जिसमें आर्यन स्कूल ने 3-2 के सेट स्कोर से मैच जीता।

जूनियर ब्वायज के एकल वर्ग में पहला मैच मृगांक कोहली और शाश्वत के बीच खेला गया। जिसमें मृगांक कोहली ने 3-0 के सेट स्कोर से मैच जीता ।

जूनियर ब्वायज के एकल वर्ग में दूसरा मैच पार्थ सूद और शिवम के बीच खेला गया। जिसमें पार्थ सूट ने 3-0 के सेट स्कोर से मैच जीता।

सीनियर वर्ग में दूसरा मैच पूल (बी) और के बीच खेला गया। जिसमें में (उ.1 के सेट स्कोर से मैच जीता।जूनियर ब्वायज के एकल वर्ग में तीसरा मैच अर्थव और हर्षित के बीच खेला गया। जिसमें हर्षित पाल ने 3-1 के खेद स्कोर से मैच जीता।

सीनियर ब्वायज़ के एकल वर्ग में तीसरा मैच अखिल सुन्दरियाल और नेल्सन श्रेष्ठा के बीच खेला गया। जिसमें अखिल सुन्दरियाल ने उन के सेट स्कोर से मैच जीता। सीनियर एकल वर्ग में चौथा मैच अरिहंत गुप्ता और साहिल राजा के बीच खेला गया। जिसमें अरिहंत गुप्ता मे 3-0 के सेट स्कोर से मैच जीता।

सीनियर एकल वर्ग में पाँचवा मैच कृष्ण कुमार और हर्षित के बीच खेला गया। जिसमें कृष्ण कुमार ने 3-0 के सेट स्कोर से मैच जीता। जूनियर ब्वायज के एकल वर्ग में फर्स्ट क्वार्टर फाइनल मैच अधिराज चौधरीट और हर्षितपाल के बीच खेला गया। जिसमें अधिराज चौधरी ने 3-2 के सेट स्कोर से मैच जीत लिया।

# तारकोल के डम्पर से टकराने से बाईक सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। तारकोट के डम्पर से टकराने से मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गयी। डम्पर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां देर रात्रि साढे ग्यारह बजे पर 112 द्वारा सूचना दी गई की आरकेडीया स्कूल झझरा के पास एक्सीडेंट हुआ है। जिस पर तत्काल चौकी झाझरा से पुलिस फोर्स रवाना हुआ मौके पर जाकर देखा तो मोटरसाइकिल पल्सर जिसका तारकोल के डंपर में टकराना ज्ञात हुआ और दोनो वाहन एक ही दिशा में झाझरा से सेलाकुई की ओर जा रहे थे। मोटरसाइकिल सवार को स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सुभारती अस्पताल झाझरा ले जाया गया।जिसमें अर्णव छात्र इस्फाई इंस्टीट्यूट सेलाकुई की मृत्यु तथा पीछे बैठे लड़के अभिरूप की स्तिथि समान्य होना चिकित्सक द्वारा बताया गया। ट्रक चालक तैमुश पुत्र मुंसफ अली निवासी ग्राम ढाकी सहसपुर देहरादून मौके से डरकर ट्रक छोड़कर भाग निकला था। जिसे तलाश कर पकड़ा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अश्लील फोटो भेजकर पैसे मांगने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। लोन एप डाउनलोड करने के पश्चात अश्लील फोटो भेजकर रूपये की मांग करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथीबडकला निवासी युवती ने साईबर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने दिसम्बर 2022 को लोन एप डाउनलोड की थी। उस लोन एप पर उसने अपना अधार कार्ड, पैन कार्ड अपलोड किया था। प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसने अकाउट मे लोन नहीं मिला लेकिन उसके बाद 10 अप्रैल 2023 को उसके साथ एडमिशन जोकी में वर्तमान में कार्यरत है उसके साथ काम करने वाली युवती के मोबाइल नम्बर के व्हाट्सपप पर मेसेज आया। उसकी फोटो के साथ अश्लील फोटो को मोर्फ करके भेजा और कहा आप इनको जानते है। 6000 रूपये डालने के लिए कहा ओर यूपीआई-आईडी दिया और दूबारा से कॉल आई ओर उससे बात हुई और सीधे 2000 रूपये मांगे। उसके साथ काम करने वालों ने मना किया और कहा कि साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराये। साईबर थाने के आदेश पर डालनवाला कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरी की स्कूटी के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसरार घम्मूवाला डाण्डी निवासी नितिन भट्ट ने रानीपोखरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके घर के प्रागंण से उसकी स्कूटी चोरी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरी के खुलासे के लिए तत्काल टीम का गठन कर टीम को घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरो को चैक किये गये। उक्त गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत के लगभग सभी कैमरो व स्मार्ट सिटी देहरादून कन्ट्रोल रुम के कैमरे को चैक किया गया। आज प्रात: करीब 09 बजे सूचना मिलने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम आकाश कुमार उर्फ तमंचा पुत्र जगदीश लाल निवासी जैन प्लाट वाणी विहार शिवाजी इन्कलेव रायपुर रोड थाना रायपुर, अर्जुन थापा उर्फ कांछा पुत्र रामलाल थापा निवासी गली नंम्बर 7 शिवलोक कालोनी थाना रायपुर को चोरी की स्कूटी के साथ सीरियों थानो रानीपोखरी से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



# लघु व्यापारियों ने नगर आयुक्त का घेराव कर तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन के बैनर तले वेडिंग जोन के स्थानीय व्यापारियों ने नगर आयुक्त के कार्यालय का घेराव कर उनको अपना तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा।



आज यहां सिंचाई विभाग पीडब्ल्यूडी सामान्य प्रशासन द्वारा उत्तरी हरिद्वार भूपतवाला, खड़खड़ी, कनखल, ज्वालापुर, रेलवे रोड नगर निगम प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए वेंडिंग जोन से स्थानीय (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को उनके कारोबारी स्थानों से हटाए जाने का विरोध करते हुए लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने सहायक नगर आयुक्त फेरी समिति प्रभारी अधिकारी श्याम सुंदर प्रसाद के कार्यालय पर रेडी पटरी के लघु व्यापारियों की भारी संख्या पहुंचकर अपनी तीन सूत्रीय मांगों को दोहराया। जिसमें प्रथम रूप से नगर निगम प्रशासन द्वारा वर्ष 2012 के सभी चिन्हित वेंडिंग जोन में नगर निगम प्रशासन द्वारा बोर्ड लगाया जाना व चलती फिरती फ्रूट सब्जी के लघु व्यापारियों को लाइसेंस विक्रय प्रमाण पत्र दिया जाना भगत सिंह चौक से सेक्टर-2 बैरियल तक प्रस्तावित वेंडिंग जोन की लाभार्थियों की सूची प्रकाशित किए जाने जैसी प्रमुख मांगों को पुन: उठाया।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार फेरी समिति के निर्णय की योजनाओं के बारे में जिला प्रशासन पीडब्ल्यूडी सिंचाई विभाग अन्य विभागों को नगर निगम प्रशासन द्वारा अवगत कराया जाना चाहिए। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद के कार्यालय पर भारी संख्या में पहुंचे लघु व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा पूर्व में हुई फेरी समिति की बैठकों की कार्रवाई अन्य विभागों को भेजी जा रही है सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने नगर निगम के संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा सभी वर्ष 2012 के चयनित वेंडिंग जोन मे स्थानीय स्ट्रीट वेंडर्स की क्षमता के साथ 2 हफ्ते के भीतर साइन बोर्ड लगा दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सेक्टर-2 बैरियल से भगत सिंह चौक तक विकसित किए जाने वाले वेंडिंग जोन की कार्रवाई लाभार्थी सूची प्रचलन में है अग्रिम कार्रवाई के साथ शीघ्र ही लाभार्थी सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। घेराव करने वालों में मनोज कुमार मंडल, कमल पंडित, नंदकिशोर नंदू, अनूप सिंह, विकास सक्सेना, यामीन अंसारी, आजम अंसारी, नईम सलमानी, मोहम्मद आजम, मुकेश चंद, दीवान सभापति सिंह, अमित कुमार, ओमप्रकाश सिंह, धर्मपाल कश्यप, जय भगवान सिंह, नम्रता सरकार, सुनीता चौहान, उषा देवी, मंजू पाल, सुमन गुप्ता, कामिनी मिश्रा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, दो बाइक बरामद



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। दुपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी की दो बाइक भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों थाना सिडकुल क्षेत्र से दो बाइक चोरी होने का मामला सामने आया था। इन चोरियों के खुलासे में लगी पुलिस टीम को बीते रोज सूचना मिली कि उक्त चोरियों में शामिल तीन चोर सिडकुल चौक की समीप देखे गये है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान की घेराबंदी करते हुए तीन लोगों को चुरायी गयी दो बाइकों सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्होने पूछताछ में अपना नाम बिजनौर निवासी अमित कुमार, पंकज कुमार व प्रवेन्द्र बताया। पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# कौलागढ़-बाजावाला मार्ग के चौड़ीकरण की मांग

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। कैंट युवा समिति ने केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री, व केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर कौलागढ़-बाजावाला मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि दून में कौलागढ़-बाजावाला मार्ग को आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रवासियों के साथ-साथ विकासनगर जाने वाले लोग भी उपरोक्त सड़क का प्रयोग करते हैं किंतु कौलागढ़ चर्खी गेट से बाजावाला तक वन विभाग एंव एफआरआई की भूमि है जिस पर विभाग द्वारा अपनी बाउन्ड्रीवाल बना रखी है एवं जंगल में तार-बाड़ की गई है, जिसके कारण उपरोक्त मार्ग अत्यधिक संकरा हो गया है तथा दो कारें भी एक दूसरे की विपरित दिशा में पास नही हो पाती है, इस मार्ग का प्रयोग बाजावाला, मसन्दावाला, विलासपुर कांडली, जामुनवाला, फुलसनी, पौंधा, कोटड़ा संतौर, आमवाला, सलियावाला, धौलास, जैंतनवाला, हरियावालाखुर्द, हरनौल आदि कई ग्रामीण क्षेत्र के लोग करते हैं जो कि रोज ही जाम में फंसते है। अत: इस मार्ग की चौड़ीकरण की आवश्यकता है।



समिति ने पत्र के माध्यम से केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री, व केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मांग की है कि जनहित को देखते हुए उक्त मार्ग की चौड़ीकरण की कार्यवाही की जाए।

# सूर्या के साथ बनी कंगुवा में दिशा पाटनी की जोड़ी, 10 भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या की हिंदी पट्टी में भी काफी लोकप्रियता है। सोराराई पोटरु और जय भीम जैसी फिल्मों के बाद से ही प्रशंसक उनकी अगली फिल्म के इंतजार में थे। पिछले कुछ समय से अभिनेता अपनी एक्शन फिल्म सूर्या 42 को लेकर चर्चा में थे, जिसमें उनके साथ दिशा पाटनी नजर आने वाली हैं। ऐसे में टीजर जारी कर सूर्या 42 के नाम कंगुवा के साथ 10 भाषाओं में इसकी रिलीज डेट का ऐलान हो गया है।

निर्माताओं ने फिल्म के नाम कंगुवा के साथ ही 2024 में इसकी रिलीज होनी की घोषणा भी कर दी है। फिल्म के नाम की घोषणा का यह 1 मिनट का टीजर काफी शानदार है, जिसमें सिर्फ ग्राफिक्स और बैकग्राउंड म्यूजिक का इस्तेमाल किया गया है। टीजर में पहाड़ी के कोने पर घोड़े पर सवार एक शख्स नजर आता है, जिसने मुखौटा पहन रखा है और उसके पीछे बड़ी सेना है, जिसे देख लग रहा है फिल्म एक्शन से भरपूर होगी। सूर्या की यह फिल्म एक पीरियड एक्शन ड्रामा है, जिसे दो अलग-अलग समय रेखाओं में सेट किया गया है। इस फिल्म में सूर्या 5 अलग-अलग अवतारों में नजर आने वाले हैं, वहीं दिशा इस फिल्म के साथ तमिल इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। सूर्या ने वेंकटर, अरथार, मंडनकर, मुकातर और पेरुमनाथर नाम के पांच किरदार निभाए हैं। इनके अलावा फिल्म में कोवई सरला, योगी बाबू, आनंद राज, रेडिन किंग्सले, रवि राघवेंद्र और अन्य सितारे भी शामिल हैं।

सिरूथाई शिवा द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 2डी और 3डी में बनाई जा रही है। इसका संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और इसे दुनिया भर में 10 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। गोवा और चेन्नई सहित कई अलग-अलग स्थानों पर फिल्म की 50 प्रतिशत शूटिंग पहले ही पूरी की जा चुकी है और आने वाले महीनों में बाकी की शूटिंग भी पूरी हो जाएगी। यह फिल्म 2024 की शुरुआत में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म के नाम की घोषणा करने के बाद निर्देशक शिवा ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए बताया कि जल्द ही 2024 में फिल्म किस दिन रिलीज होगी इसकी जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा, हमें सूर्या 42 के नाम कंगुवा की घोषणा करते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है। सूर्या ने फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति, जिसमें आग की शक्ति है, के किरदार को बखूबी निभाया है। उम्मीद है कि सिनेमा प्रेमियों यह पसंद आएगी। दिशा सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ योद्धा में नजर आने वाली हैं और वह दीपिका पादुकोण के साथ प्रोजेक्ट के का भी हिस्सा हैं। सूर्या जल्द वेत्रिमारन के साथ वादिवासल की शूटिंग शुरू करेंगे। उनके पास सुधा कोंगारा और लोकेश कनगराज की 2 फिल्में भी हैं।(आरएनएस)

# टाइगर बनाम पठान को ग्लोबल बनाने की तैयारी में वाईआरएफ

पठान की सफलता के बाद आदित्य चोपड़ा ने स्पाई यूनिवर्स को ग्लोबल बनाने की तैयारियों में हैं। पिछले दिनों की गई उनकी घोषणा कि आने वाले समय में दर्शकों को इस बैनर की वॉर-2 के बाद टाइगर वर्सेज पठान देखने को मिलेगी जिसका निर्देशन वॉर और पठान का निर्देशन करने वाले सिद्धार्थ आनन्द करेंगे। वर्ष 2025 में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म को लेकर बॉक्स ऑफिस अभी से उत्साहित और आशान्वित नजर आ रहा है। पठान में सलमान खान के कैमियो को लेकर दर्शकों ने जो उत्साह दिखाया उसी के बाद निर्माताओं ने टाइगर बनाम पठान को एक साथ परदे पर लाने का फैसला किया। बताया जा रहा है कि आदित्य चोपड़ा की पूरी प्रोडक्शन टीम अब टाइगर वर्सेज पठान को ऐतिहासकि ब्लॉकबस्टर बनाने की तैयारी में है। इन्हीं चर्चाओं के बीच सिने गलियारों में बहती हवाओं ने दावा किया है कि टाइगर बनाम पठान को ग्लोबल फिल्म बनाने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है इस फिल्म में हॉलीवुड फिल्म एक्वामैन में एक्वामैन के रूप में नजर आए अभिनेता जेसन मोमोआ को बतौर खलनायक हिन्दी सिनेमा में पेश किया जाएगा। फिल्म में वह सलमान और शाहरुख से दो-दो करते हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही हवाओं का यह भी कहना है कि टाइगर बनाम पठान की कहानी मार्वल स्टूड्क्सडयो की फिल्म कैप्टन अमेरिका: सिविल वॉर की तरह होगी। जिसमें दो जिगरी दोस्त आयरन मैन और कैप्टन अमेरिका आमने-सामने थे, उसी तरह टाइगर और पठान भी आमने-सामने होंगे। इसी बीच सोशल मीडिया पर जेसन मोमोआ से जुड़े कुछ ट्वीट्स भी वायरल हो रहे हैं। ऐसे ही एक ट्वीट में लिखा गया है, यशराज प्रोडक्शन और सिद्धार्थ आनंद के बीच शुरुआती चर्चा में किसी बड़े हॉलीवुड स्टार को टाइगर वर्सेज पठान में विलेन बनाने की तैयारी है। सलमान खान और शाहरुख खान की इस फिल्म में अभी फिलहाल एक्वामैन जेसन मोमोआ को कास्ट करने की तैयारी है। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# आंखों की सूजन कम करना चाहते हैं तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



उम्र बढ़ने और त्वचा के खराब स्वास्थ्य जैसे कई कारणों की वजह से आंखों के नीचे के क्षेत्र में सूजन की समस्या हो जाती है। हालांकि, इससे राहत पाने के लिए आपको किसी दवाई या क्रीम की जरूरत नहीं है। आप घर पर ही प्राकृतिक और घरेलू उपचार से आंखों की सूजन से छुटकारा पा सकते हैं। चलिए फिर आज इसी से जुड़े 5 घरेलू नुस्खे जानते हैं।

टी बैग्स का इस्तेमाल करें

टी बैग्स एक बेहतरीन हैक है, जिसे आप आंखों की सूजन कम करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। लाभ के लिए दो ग्रीन टी बैग को लगभग 5 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इसके बाद उन्हें करीब 20 मिनट के लिए फ्रिज में रखें और फिर उनमें से अतिरिक्त पानी निचोड़कर आंखों पर करीब 30 मिनट तक लगाएं। आप इस्तेमाल किए हुए टी बैग्स को दोबारा इन कामों में उपयोग कर सकते हैं।

ज्यादा से ज्यादा सोने की कोशिश करें

आप कितने घंटे सोते हैं और किस तरह से सोते है, यह दोनों ही चीजें महत्वपूर्ण हैं। अगर आप दिन में 7 घंटे से कम सोते हैं तो आंखों की सूजन होना लाजमी है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा सोने और अपनी नींद पूरी करने की कोशिश करें। इसके अलावा सोते वक्त अपने सिर को थोड़ा ऊपर उठाएं। यह आपकी निचली पलकों में अनावश्यक तरल पदार्थ के संचय को रोकता है।

डाइट में अधिक कोलेजन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें

उम्र बढ़ने की वजह से भी आंखों के नीचे के क्षेत्र में सूजन की समस्या होने लगती है। इससे राहत पाने के लिए रोजाना अधिक कोलेजन युक्त भोजन खाएं क्योंकि यह आपके चेहरे की मांसपेशियों और ऊतकों को अधिक ताकत प्रदान करता है। विटामिन सी शरीर में कोलेजन उत्पादन को बढ़ाती है, इसलिए आपको नियमित रूप से नींबू, संतरा और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

ठंडी सिकाई से भी मिलेगी राहत

ठंडी सिकाई से जलन या सूजन कम हो जाती है क्योंकि यह प्रभावित क्षेत्र में रक्त के प्रवाह को कम कर देती है। आंखों की सूजन कम करने के लिए सिकाई एक बढ़िया घरेलू उपचार है। लाभ के लिए बर्फ के टुकड़ों को प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। आप चाहें तो फ्रिज में रखें खीरे को भी काटकर आंखों के ऊपर 20 मिनट तक रख सकते हैं।

ठंडा दूध भी आएगा काम

आंखों की सूजन कम करने के लिए ठंडा दूध भी मददगार साबित हो सकता है। लाभ के लिए 2 साफ कॉटन पैड लें और उन्हें ठंडे दूध में डुबो दें। इसके बाद उन्हें बाहर निकालकर उनका अतिरिक्त दूध निचोड़ लें और फिर उन्हें अपनी आंखों पर 10 मिनट के लिए रखें। अगर आप अपने दैनिक स्किन केयर रूटीन में ऐसा करेंगे तो यह आपकी आंखों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। (आरएनएस)

# दिल की सेहत का है ख्याल तो खाएं हफ्ते में कम 3 से 6 अंडे

कुछ समय पहले हुई एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि अंडे के सेवन से दिल की बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं का मानना है कि अगर लोग हफ्ते में कम से कम 3 से 6 अण्डों का सेवन करते हैं तो वो दिल की बीमारियों के होने से काफी हद तक बच सकते हैं। यह स्टडी चीनी एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज के फूवाई हॉस्पिटल के ज़िया और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। अध्ययन में यह बात सामने आई कि जो लोग प्रति सप्ताह 3-6 अंडे का सेवन करते हैं उन्हें दिल की बीमारियों का खतरा काफी कम था। हालांकि यह बात भी सामने आई कि अंडे का ज़्यादा सेवन भी नुकसानदायक है। शोधकर्ताओं खासतौर से हफ्ते में 1 से ज्यादा अंडा का सेवन करना कार्डियो वैस्कुलर डिजीज के लिए 22 प्रतिशत ज़्यादा रिस्की है। शोधकर्ताओं ने जानकारी दी कि कार्डियो वैस्कुलर डिजीज के कई अलग-अलग प्रकार में अंडे की खपत का प्रभाव अलग-अलग लग रहा था। शोधकर्ताओं ने बताया कि जिन लोगों ने अंडे का सेवन जरूरत से ज्यादा किया था , उनमें कोरोनरी हार्ट डिजीज और इस्केमिक स्ट्रोक का खतरा अधिक था, जबकि हिमोग्राफिक स्ट्रोक का हाई रिस्क उन लोगों में पाया गया जिन्होंने जरूरत से कम अंडे का सेवन किया था।

## शब्द सामर्थ्य -098

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 97 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

# स्त्री 2 का मजेदार टीजर आया सामने

राजकुमार राव की फिल्म स्त्री के सीक्वल की चर्चा लंबे समय से हो रही है। दबी जुबां अकसर इस फिल्म पर बात होती थी, पर इसकी पुष्टि तब हो गई, जब फिल्म भेड़िया के क्लाइमैक्स में राजकुमार और अपारशक्ति खुराना नजर आए थे। कुछ दिन पहले ही जियो स्टूडियोज ने कई फिल्मों का ऐलान किया है। इसमें स्त्री 2 समेत मैडॉक फिल्म्स की कई फिल्में शामिल हैं। मैडॉक फिल्म्स ने एक मजेदार टीजर शेयर किया है। इसमें विक्की (राजकुमार) को फिर स्त्री नजर आती है और वह डर जाता है। इसके बाद श्रद्धा कपूर बताती हैं कि वहां स्त्री नहीं, बल्कि वो थीं। यह बताकर श्रद्धा गायब हो जाती हैं। वहां मौजूद पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति को एक चिट्ठी मिलती है, जिसमें बताया जाता है कि चंदेरी पर एक भयानक आफत आने वाली है। फिल्म अगले साल अगस्त में रिलीज हो रही है।

फिल्म का इंतजार कर रहे दर्शक टीजर देखकर खुश हो गए। वे सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ओ स्त्री जल्दी आना। एक अन्य यूजर ने लिखा, चंदेरी वालों फिर से साड़ी पहनने के लिए तैयार हो जाओ। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा कि उन्हें पहली फिल्म बेहद पसंद आई थी और उन्हें सीक्वल का बेसब्री से इंतजार है। कई लोग कॉमेंट में दिनेश विजान को कंटेंट किंग बता रहे है। भेड़िया के क्लाइमैक्स सीन से पता चलता है कि अभिषेक बनर्जी का किरदार जनार्दन कोई और नहीं बल्कि स्त्री में नजर आया जना है। फिल्म के आखिर में विक्की और बिट्टू जना को लेने आते हैं। अमर कौशिक ने स्त्री और भेड़िया दोनों का निर्देशन किया था और अब वह स्त्री 2 का भी निर्देशन कर रहे हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के इस साल जुलाई में शुरू होने की उम्मीद है। स्त्री 2018 में आई थी। इस फिल्म में राजकुमार और श्रद्धा मुख्य भूमिका में थे। फिल्म का प्लॉट चंदेरी पर आधारित था, जिसमें श्रद्धा एक रहस्यमई लड़की के किरदार में नजर आई थीं। फिल्म में विजय राज और पंकज त्रिपाठी भी नजर आए थे। दिनेश की भेड़िया के आइटम सॉन्ग ठुमकेश्वरी में श्रद्धा नजर आईं, वहीं स्त्री में कृति सैनन आओ कभी हवेली पर गाने में नजर आई थीं। तभी से दोनों फिल्मों के क्रॉसओवर की चर्चा थी।

# फ्रंट कट-आउट ड्रेस में भूमि पेडनेकर ने फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपने स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते है। हाल ही में एक्ट्रेस की खूबसूरती भरा अंदाज देख कर फैंस एक बार फिर से उनके लुक्स पर अपना दिल हार गए हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी दमदार एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। वो हर बार अपनी हर एक तस्वीरों में बेहद ही अलग अंदाज में नजर आती हैं। हालांकि उनका लुक भी सबसे हट कर होता है। हाल ही में भूमि पेडनेकर ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट पहनकर फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में भूमि पेडनेकर का ग्लैमरस अवतार देख कर फैंस के पसीने छूट गए हैं। भला छूटा भी क्यों ना उनकी हॉटनेस ही हर बार बवाल मचा देती हैं। दम लगा के हईशा मूवी से एक्ट्रेस ने काफी चर्चाएं बटौरी थी। हालांकि उनकी एक्टिंग को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अपने इन लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस ने ऑल व्हाइट कट-आउट जैकेट सेट पहना हुआ है। भूमि पेडनेकर अपने इस लुक में बेहद ही हॉट लग रही हैं। बालों को हेयर स्टाइल करवा के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि भूमि पेडनेकर हाल ही में मुंबई में जिओ स्टूडियोज के इवेंट में पहुंची थी जहां उनके लुक ने महफिल लूट ली थी।

# डीनो मोरिया ने साउथ की फिल्म एजेंट में मारी धांसू एंट्री

जब एक्टर डिनो मोरिया ने एक वेब शो में नेगेटिव किरदार अदा किया था, तब हम सभी ने ऑन स्क्रीन उनके एक नए अवतार को देख चुके थे और अब, एक बार फिर वे अपनी तेलुगू पहली मूवी एजेंट में अपने एक ऐसे अवतार में दिखाई देने वाले है जिसे देख सब का दिल दहल जायेगा। इस मूवी से डीनो के लुक को आउट किया गया है जिसे देख यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि वे इस मूवी नेवर सीन बिफोर वाले अवतार में दिखाई देने वाली है। उनका लुक इस मूवी में बाकि विलेन से बहुत ही अलग और हटकर है, जो आपको डराने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। और उनका यह लुक हमें आधुनिक संस्करण के शैबानी खान की याद भी दिलवा रहा है। इस बारे में डीनो बोलते है , खुद को एक खलनायक के रूप में ढालना कभी मेरे लिए आसान नहीं था, खासकर जब लोगों ने आपको लवर बॉय के रूप में देखा है। परन्तु मूवी एजेंट में मुझे एक्शन के प्रति अपने प्यार को एक्सप्लोर करने का मौका भी मिल चुका है। मैं इस मूवी में जबरदस्त एक्शन किये हैं। मुझे यकीन है कि लोग इसे उतना ही पसंद करेंगे जितना वे शैबानी खान को पसंद किया था। एजेंट एक स्पाई थ्रिलर है, जिसका निर्देशन सुरेंद्र रेड्डी ने किया है। इसमें डीनो मोरिया के साथ मम्मूटी और अखिल अक्किनेनी भी प्रतिपक्षी के रूप में बने हुए है। जिसके साथ साथ डीनो मूवी बांद्रा से मलयालम में भी डेब्यू कर रहे हैं। मूवी में दिलीप और तमन्ना भाटिया भी हैं।

# तेलुगू फिल्म छत्रपति के हिंदी रीमेक में नजर आएंगी नुसरत भरूचा



साल 2005 में आई प्रभास अभिनीत एसएस राजामौली की सुपरहिट फिल्म छत्रपति का हिंदी रीमेक पिछले कुछ वक्त से लगातार चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता बेल्लमकोंडा साई श्रीनवास अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है। छत्रपति के हिंदी रीमेक में नुसरत भरूचा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस खबर की पुष्टि उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम के जरिए की है।

नुसरत ने बेल्लमकोंडा संग एक तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, एक सपना सच हो गया। छत्रपति में सपना के रूप में नुसरत से मिलिए। फिल्म छत्रपति के हिंदी रीमेक में भाग्यश्री, शरद केलकर और करण सिंह छाबरा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 12 मई, 2023 को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाने वाली है। वीवी विनायक छत्रपति के हिंदी रीमेक का निर्देशन करेंगे। पेन स्टूडियोज द्वारा निर्देशित यह फिल्म डॉ जयंतीलाल गडा द्वारा निर्मित है।

साल 2005 में रिलीज हुई छत्रपति में एक युवा लड़के शिवाजी और उसके परिवार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में यह दिखाया जाता है कि कैसे शिवाजी के परिवार को श्रीलंका में उसके समाज से अलग कर विशाखापट्टनम में बंधुआ मजदूर बनाकर रखा जाता है

बेलमकोंडा ने कहा, मैं छत्रपति जैसी विशेष फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने को लेकर खुश हूं, जो एक रोमांचक और सुन्दर सामूहिक एक्शन फिल्म है। इस फिल्म पर काम करने का हर पल उतना ही रोमांचक था जितना कि यह चुनौतीपूर्ण था और आखिरकार हम खुश हैं इसे हिंदुस्तान भर के दर्शकों के सामने पेश करें।

छत्रपति अखिल भारतीय दर्शकों के लिए फिर से कल्पना करने के लिए एक आदर्श परियोजना थी। बहुत प्रतिभाशाली श्रीनिवास बेलमकोंडा को पूरी तरह से नए बाजार में पेश करने के अलावा, फिल्म में मुख्यधारा के मनोरंजन के सभी आवश्यक घटक भी हैं।

# मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी की फिल्म बैड बॉय 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

जाने-माने निर्देशक राजकुमार संतोषी मौजूदा वक्त में बैड बॉय को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म ने 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों को रिलीज होगी। फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है जो एक मध्यवर्गीय लड़के और एक उच्च शिक्षित लड़की के बीच की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके परिवार में सख्त पारंपरिक मूल्य हैं।


ट्रेलर की शुरूआत ही एक जबरदस्त सॉन्ग के साथ होती है। इसके बाद प्यार में पड़े दो लव बर्ड्स के साथ रहने के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए नमाशी चक्रवर्ती ने कहा, मैं बैड बॉय के साथ शुरुआत करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मेरा किरदार रघु, जो एक बेपरवाह बिंदास का किस्म का लड़का है। जिससे मैं पर्सनली बेहद कनेक्टेड फील करता हूं। हमने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए फिल्म में खूब मेहनत की है।

अमरीन ने कहा, न्यूकमर के रूप में, बैड बॉय के साथ शुरुआत करना और फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महान निर्देशकों में से एक राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म का हिस्सा होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने इस फिल्म को साइन करने के बारे में कभी सोचा नहीं था और मुझे यह मौका देने के लिए मैं हमारी फिल्म के निर्माता साजिद कुरैशी का बहुत आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमारी फिल्म पर उसी तरह अपार प्यार और सराहना बरसाएंगे जैसे उन्होंने हमारे सभी गानों पर की है।

बैड बॉय की कहानी आपको अंत तक अपनी सीट से बांधे रखेगी, फिल्म आपको गुदगुदाने के साथ-साथ आपके दिल को भी छू लेगी।

फिल्म बैड बॉय में जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दर्शन जरीवाला और शाश्वत चटर्जी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि इससे अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी चक्रवर्ती फिल्मी दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। इसमें वह अभिनेत्री अमरीन के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार और दिलचस्प लग रहा है। हालांकि, यह कहानी आपको भावुक भी करेगी। नमाशी की अदाकारी ने हर शख्स का दिल जीत लिया है।

# शाहिद कपूर की ब्लडी डैडी 9 जून को जियो सिनेमा पर होगा प्रीमियर



बॉलीवुड के 'कबीर सिंह' शाहिद कपूर साल 2023 में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्टर की कई बैक टू बैट फिल्में आने वाली हैं। फिलहाल एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। बीते दिन फिल्म का धांसू पोस्टर रिलीज किया गया था जिसमें शाहिद का इंटेंस लुक काफी इम्प्रेसिव था। वहीं आज फिल्म का धमाकेदार टीजर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है।

फिल्म का टीजर अपने नाम की तरह ही खून से लथपथ है। टीचर की शुरुआत शाहिद से होती है इसके फौरन बाद उनके हाथ में चाकू नजर आता है और फिर शाहिद एक के बाद एक लोगों को मारते नजर आते हैं। फिल्म का टीजर देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि शाहिद एक बार फिर अपने खतरनाक वहीं टीजर को जारी करते हुए शाहिद ने कैप्शन में रिलीज डेट भी अनाउंट की है। कैप्शन में लिखा है, फिल्मों में एक ब्लडी गुड टाइम के लिए रेडी हो जाइए। ब्लडी डैडी 9 जून 2023 को जियो सिनेमा पर। यानी ये फिल्म थिएट्रिकल रिलीज की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर डायरेक्ट रिलीज होगी।

वहीं बीते दिन शाहिद ने ब्लडी डैडी का पोस्टर कर फिल्म में अपना फर्स्ट लुक रिवील किया था। पोस्चर में शाहिद एंग्री अवतार में नजर आ रहे हैं। उनकी नाक पर चोट का निशान, आंखों में गुस्सा और शर्ट के कॉलर पर खून लगा नजर आ रहा है। शाहिद के इस इंटेंस लुक को देखन के बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं।

शाहिद कपूर के ब्लडी डैडी में इंटेंस लुक ने फैंस के रौंगटे खड़े कर दिए हैं। फिल्म में रोनित रॉय, संजय कपूर, डायना पेंटी और विवान भतेना भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। बता दें कि ब्लडी डैडी साल 2011 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म नट ब्लैंच का ऑफिशियल अडॉप्शन है।

# भ्रष्टाचार पर जुबानी जमाखर्च !

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी ने 'कांग्रेस फाइल्स' नाम से दो एपिसोड की एक सीरिज बनाई है, जिसमें कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बारे में बताया गया है। यह सीरिज देखते हुए जो बात सबसे पहले दिमाग मे आई वह ये है कि इस देश में राजनीति और गवर्नेंस दोनों की अवधारणा सिर के बल खड़ी हो गई है यानी उलटी हो गई है। आमतौर पर सरकार के ऊपर विपक्षी पार्टियां भ्रष्टाचार के आरोप लगाती हैं और जांच की मांग करती हैं। यहां उलटा हो रहा है। अब सरकार ही विपक्ष के ऊपर आरोप लगा रही है और पता नहीं क्यों जांच नहीं करा रही है, जबकि सारी एजेंसियां उसके पास हैं और एजेंसियां कहीं न कहीं जांच भी कर रही हैं। सवाल है कि इस उलटबांसी का क्या मतलब है? और उससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या आम आदमी को सरकार की ओर से विपक्ष पर लगाए गए आरोपों पर भरोसा करना चाहिए?

भाजपा की ओर से बनाई गई 'कांग्रेस फाइल्स' की पहली कड़ी में चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले के बारे में बताया गया है। इसमें एक लाख 76 हजार करोड़ रुपए का संचार घोटाला शामिल है और कई लाख करोड़ रुपए का कोयला घोटाला भी शामिल है। इन दो घोटालों की ही रकम चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाती है। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में यानी 2009 से 2014 के बीच हुई इन दो कथित घोटालों की बड़ी चर्चा हुई थी। इनके खिलाफ 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' का जन्म हुआ था और अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल का आंदोलन हुआ था। कांग्रेस के बुरी तरह से हार कर सत्ता से बाहर होने और नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने का सबसे बड़ा कारण ये दो घोटाले बने थे। इन दो के अलावा उस समय भाजपा ने आकाश से लेकर पाताल तक और धरती से लेकर हवा और अंतरिक्ष तक में घोटाले बताए थे।

बहरहाल, जब नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने तो क्या सबसे पहले यह नहीं होना चाहिए था कि वे दो सबसे बड़े घोटालों- संचार और कोयला, की जांच कराते और दोषियों को सजा दिलाते? क्या किसी को पता है कि इन दोनों मामलों में क्या हुआ है? जो लोग 'कांग्रेस फाइल्स' के वीडियो शेयर कर रहे हैं उनको भी पता नहीं होगा कि संचार और कोयला घोटाले में क्या हुआ है। हकीकत यह है कि संचार घोटाले के तमाम आरोपी निचली अदालत से बरी हो गए हैं। सीबीआई ने हाई कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ अपील की है लेकिन ए राजा से लेकर कनिमोझी तक सब न सिर्फ जेल से बाहर हैं, बल्कि सांसद भी हैं। ए राजा तो लोकसभा में पीठासीन पदाधिकारियों के पैनल में भी हैं और सदन का संचालन भी करते हैं। इसी तरह कोयला घोटाले में कोई भी राजनेता जेल में नहीं है। तत्कालीन कोयला सचिव एचसी गुप्ता को छोड़ कर किसी को सजा नहीं हुई है। अगर किसी की स्मृति अच्छी हो तो याद कर सकता है कि कैसे 1989 के लोकसभा चुनाव में वीपी सिंह नाटकीय अंदाज में कागज का एक पुर्जा निकालते थे और सभाओं में लोगों को दिखा कर कहते थे कि इस पर उन लोगों के नाम हैं, जिनको बोफोर्स में रिश्वत मिली है और उनके खाते का नंबर है। सरकार बनते ही घोटालेबाज जेल में होंगे और पैसे उनके खाते से निकाले जाएंगे। वीपी सिंह तो प्रधानमंत्री हो गए लेकिन दोषी और उनके खातों का पता लगाने में एजेंसियों को 20 साल लग गए। वही कहानी संचार और कोयला घोटाले में दोहराई जा रही है।

इसी तरह 'कांग्रेस फाइल्स' की दूसरी कड़ी में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के कथित घोटाले का जिक्र है। इसमें कहा गया है कि कैसे एक पेंटिंग जबरदस्ती एक कारोबारी को दो करोड़ रुपए में बेची गई और उस पैसे का इस्तेमाल सोनिया गांधी के इलाज में किया गया। एक अलग घटनाक्रम में यस बैंक के पूर्व चेयरमैन राणा कपूर ने कहा था कि उनको पेंटिंग खरीदने के लिए मजबूर किया गया था। ध्यान रहे पेंटिंग एमएफ हुसैन की है और उसकी दो करोड़ रुपए कीमत कोई ज्यादा नहीं है। इसके बावजूद अगर इसमें कोई आपराधिकता है या 'क्विड प्रो को' है यानी पेंटिंग खरीदने के बदले में राणा कपूर को कोई मदद पहुंचाई गई थी तो उसकी जांच करके सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को सजा क्यों नहीं दी जा रही है? हकीकत यह है कि इस मामले में अभी तक कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं है।

ऐसा नही है कि इतने ही मामले हैं, जिनमें सरकार की ओर से आरोप लगाए गए हैं और न कोई सबूत पेश किया गया है और न कोई कार्रवाई हुई है। ऐसे अनगिनत मामले हैं। जैसे फरवरी के महीने में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मेघालय में प्रचार करते हुए कहा कि कोनरेड संगमा की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। अगर केंद्र सरकार का नंबर दो मंत्री यह बात कह रहा है तो उसके पास जरूर कोई सबूत होंगे। लेकिन उन सबूतों के आधार पर कोनरेड संगमा के खिलाफ मुकदमा करने और उन पर कार्रवाई करने की बजाय दो मार्च को आए नतीजों के बाद भाजपा ने उनके साथ फिर सरकार बना ली। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने गए तो उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार कांग्रेस के लिए हमेशा एटीएम की तरह रही है। उन्होंने पहले भी कर्नाटक से दिल्ली पैसा भेजे जाने का आरोप लगाया था। तो क्या ऐसा नहीं होना चाहिए कि केंद्र सरकार की एजेंसियां उस एटीएम का पता लगातीं, दिल्ली पैसा भेजे जाने की छानबीन करतीं और दोषी नेताओं पर कार्रवाई करतीं? लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

तभी सवाल है कि ऐसे आरोपों का क्या मतलब है? भ्रष्टाचार पर इस तरह की जुबानी जमाखर्च से क्या हासिल होगा? अगर इतने बड़े घोटाले करने वालों पर कार्रवाई नहीं होगी तो क्या उससे भ्रष्टाचारियों के हौसले नहीं बढ़ेंगे? कायदे से सरकार को आरोप लगाने की बजाय कार्रवाई करनी चाहिए। संचार घोटाला, कोयला घोटाला, आदर्श घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, देवास घोटाला से लेकर कोनरेड संगमा और कर्नाटक कांग्रेस के कथित घोटाले की पूरी सख्ती से जांच करानी चाहिए और दोषियों को सजा दिलानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो यही माना जाएगा कि भाजपा और उसके शीर्ष नेताओं के लिए भ्रष्टाचार से लड़ना कोई प्रतिबद्धता का मामला नहीं है, बल्कि चुनावी राजनीति का मामला है। वह सिर्फ जुबानी जमाखर्च करके कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों को बदनाम करती है और वोट लेती है। इसका यह भी मतलब होगा कि या तो घोटाला नहीं हुआ है और अगर हुआ है तो असली दोषियों को सजा दिलाने की भाजपा की मंशा नहीं है।

## तमिलनाडु, आंध्र और केरल के नेता भाजपा में गए

विधानसभा का चुनाव कर्नाटक में हो रहा है और इसके बाद तेलंगाना में होगा। लेकिन एक हफ्ते के अंदर जो तीन नेता भाजपा में शामिल हुए हैं वे इन दोनों राज्यों के नहीं हैं। केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। तभी सवाल है कि क्या कर्नाटक में कांग्रेस के नेता पार्टी छोड़ कर भाजपा में नहीं जा रहे हैं? यह भी सवाल है कि क्या कर्नाटक के नेताओं को नहीं तोड़ पाने की वजह से दूसरे राज्यों के नेताओं को तोड़ कर माहौल बना रही है? यह संभव है क्योंकि कर्नाटक में उलटी गंगा बह रही है। वहां भाजपा छोड़ कर नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में कर्नाटक के पांच विधायक, दो विधान पार्षद, 11 पूर्व विधायक, चार पूर्व विधान पार्षद और एक पूर्व सांसद कांग्रेस में शामिल हुए। इनमें से ज्यादातर भाजपा के नेता हैं और थोड़े से नेता जेडीएस के हैं।

इसके उलट भाजपा ने जिन नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कराया वे तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश के हैं। भाजपा ने बड़ा माहौल बना कर आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरण रेड्डी को अपनी पार्टी में शामिल कराया। उन्होंने कांग्रेस छोड़ कर अपनी पार्टी बनाई थी और फिर कांग्रेस में वापस लौटे थे। अब वे भाजपा में गए हैं। आंध्र की राजनीति में भी उनकी प्रासंगिकता नहीं है लेकिन कर्नाटक में मैसेज बनवाने के लिए भाजपा ने उनको पार्टी में शामिल कराया है। इसी तरह कांग्रेस के दिग्गज नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को भाजपा में शामिल कराया गया है। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.098

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.97 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

# नामकरण की माया

अजय दीक्षित

राजनीतिक दलों की नजर सिर्फ वोट बैंक पर लगी रहती है, फिर इसके लिए चाहे जैसे भी हथकंडे क्यों न अपनाने पड़े । पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने शहरों और स्थलों के नया नाम देने पर टिप्पणी की हैं ।

वोटों के ध्रुवीकरण के मकसद से दायर की गई एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करके यह साबित कर दिया कि व्यर्थ के विवादों को जन्म देने से देश का भला नहीं होने वाला । यह याचिका भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि देश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक-धार्मिक स्थलों के मूल नामों का पता लगाने और उनके वर्तमान नाम से आक्रांताओं के नाम को हटाने के लिए एक नामकरण आयोग का गठन किया जाये । याचिका में यह भी कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट पुरातत्व विभाग को पुराने नामों को प्रकाशित करने के लिए निर्देश दें । याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि यह उन मुद्दों को जीवंत करेगा, जो देश में बवाल करवा सकते हैं । फैसला सुनाते हुए बेंच ने कहा कि देश के इतिहास को उसकी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए छेड़न नहीं चाहिये । कोर्ट ने कहा, हिन्दू धर्म एक धर्म नहीं है बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है । इस धर्म में कोई कट्टरता नहीं है । खंडपीठ का कहना था कि अतीत को खोदने से केवल दुश्मनी ही पैदा होगी । शीर्ष कोर्ट के इस आदेश से स्पष्ट है कि नया नामकरण करने के निहित !

राजनीतिक स्वार्थ हैं । इसका मकसद वोट आधारित राजनीति है । राजनीतिक दल देश में मौजूदा समस्याओं के समाधान और विकास की नई तस्वीर पेश करने के बजाय जन भावनाओं को भुनाने के लिए ऐसे विवादित मुद्दे भुनाते रहे हैं । इसमें राष्ट्रीय दल के साथ ही क्षेत्रीय दल भी पीछे नहीं हैं । आजादी के बाद से अब तक 21 राज्यों ने कुल 244 जगहों के नाम बदले हैं । सबसे ज्यादा 76 जगहों के नाम आन्ध्र प्रदेश में बदले गये हैं । तमिलनाडु ने 31और केरल ने 26 जगहों का नाम बदला है । महाराष्ट्र ने भी 18 जगहों का नाम बदला है । उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद से अब तक 8 शहरों का नाम ही बदला गया है । आजादी के बाद से अब तर्क देश के 9 राज्यों और 2 संघशासित प्रदेशों का भी नाम बदला गया है । किसी भी शहर या जिले का नाम बदलने के लिए सबसे पहले किसी विधायक या एमएलसी द्वारा इसके लिए सरकार से मांग करना बेहद जरूरी होता है । आम लोगों को इस बदलाव की भारी कीमत चुकानी पड़ती है । औसतन एक शहर का नाम बदलने में 300 करोड़ रुपये तक खर्च होते हैं । अगर शहर बड़ा हो तो यह राशि 1000 करोड़ तक भी पहुंच सकती है ।

यह खर्च देश और दुनिया में किसी भी शहर की प्रसिद्धि पर निर्भर करता है कि नाम बदलवाने पर कितने पैसे का खर्च आयेगा । शहर के नए नाम के साथ ही वहां स्थित हर आधिकारिक स्थानों के नामों में बदलाव किया जाता है । तब जाकर किसी शहर का नाम बदलता है । जब भी किसी शहर या जगह का नाम बदला जाता है तो उसमें करोड़ों रुपयों का खर्चा आ जाता है । इसकी वजह है कि बदले गए नाम को हर जगह बदलना पड़ता है । जैसे जब किसी शहर का नाम बदला जाता है तो सभी दस्तावेजों में यह नया नाम दर्ज करना पड़ता है । रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि जगहों पर भी नया नाम लिखा जाता है। इन्हीं सब प्रक्रिया के चलते नाम बदलने में करोड़ों रुपयों का खर्चा आ जाता है। नाम बदलने में हुआ व्यय लोगों की गाढ़ी कमाई से चुकाये गये टैक्स से पूरा होता है। ऐसे में दूसरी जरूरी विकास योजनाओं के बजट में कटौती करके इस राशि का प्रावधान किया जाता है ।

# बीएस नेगी महिला पालीटेक्निक में 'दून डीवा प्रतियोगिता' का आयोजन



नगर संवाददाता

देहरादून। बी.एस.नेगी महिला पालीटेक्निक में 'दून डीवा प्रतियोगिता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जे.पी. ममगई (रिटायर्ड चीफ इन्फार्मेशन आफिसर) शामिल हुए। उन्होने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होने कहा कि आज का दौर महिलाओं का दौर है। उन्होने छात्राओं के कार्य की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में अनुकृति गुंसाई (फारमर मिस इंडिया ग्रांट इंटरनेशनल) विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थी। उन्होने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। संस्थान की पूर्व छात्रा एंव सेलिब्रिटी फेशन डिजाइनर मिस कृति कुमार भी निर्णायक की भूमिका में थी। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष हर्षमणि व्यास ने कहा कि संस्थान द्वारा तकनीकी शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उत्तराखण्ड के विकास में पिछले 35 वर्षो से बहुमूल्य योगदान दे रहा है। छात्राओं का मनोबल बढ़ाने और उन्हे एक्सपोजर देने हेतु 'दून डीवा प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। जिसमें डिजाइनर छात्राओं द्वारा तैयार की गयी मनमोहक पोशाकें माडल द्वारा प्रदर्शित की गयी। सभी माडल छात्राओं ने बेहतरीन कैटवाक प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समा बांधा। सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त संस्थान में ड्राइंग एंव स्केचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 12 से 15 वर्ष आयुवर्ग में कु. महरीन जैदी ने प्रथम, कु. वामिका पुनहानी ने द्वितीय तथा विक्रमादित्य सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 15 से ऊपर आयु वर्ग में साक्षी छिन्द्रा ने प्रथम, श्रृंगार खत्री ने द्वितीय व सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में दून डीवा का खिताब मिस सुरभि ने हासिल किया वहीं फर्स्ट रनरअप रही मिस भूमिका, सेकेण्ड रनरअप मिस पलक रही। स्पार्क आफ द डे मिस मौलिका रही। मिस फोटोजनिक मिस मानवी रही, मिस ब्यूटीफुल स्माइल मिस प्राची रही। इस मौके पर छात्राओं द्वारा मंगलगान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## दो स्थानों से वाहन चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने दो स्थानों से वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्राहमणवाला निवासी संदीप कुमार ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपना पिकअप वाहन घर के बाहर खडा किया था। आज सुबह उसने देखा कि उसका वाहन अपने स्थान से गायब थी। वहीं आराघर निवासी संजय कोटियाल ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी आराघर में दुकान है। उसने अपनी स्कूटी दुकान के बाहर खडी की थी जब थोडी देर बाद उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## काबीना मंत्री चंदन रामदास का निधन

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

बिगड़ने पर आज सुबह उन्हें बागेश्वर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें डायबिटीज एवं कार्डियोलॉजी की समस्याएं थी। उनके कार्यक्रम में न पहुंचने और तबीयत खराब होने की सूचना पर मंत्री सौरभ बहुगुणा व विधायक सुरेश गढ़िया भी अस्पताल पहुंच गए थे। आईसीयू में भर्ती मंत्री चंदन रामदास ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

63 वर्षीय चंदन राम दास ने सन 1980 में राजनीति में प्रवेश किया। 1997 में वह बागेश्वर नगर पालिका के अध्यक्ष बने तथा 2006 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। इसके बाद वह 2007, 2012, 2017 तथा 2022 में 4 बार लगातार विधायक चुने गए वर्तमान में वह धामी सरकार में काबीना मंत्री बने तथा उन्हें समाज कल्याण और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण विभाग दिए गए। अस्वस्थता की स्थिति में निरंतर काम करने वाले चंदन राम दास एक सर्वप्रिय नेता थे।

उनके निधन पर सिर्फ सत्ताधारी भाजपा में ही शोक की लहर नहीं है बल्कि विपक्षी दलों के नेताओं ने भी उनके निधन पर शोक जताते हुए उनके निधन को सूबे की राजनीति के लिए एक अपूर्ण क्षति बताया है। उनके निधन की खबर आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया है तथा आज के सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द करते हुए तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया है।

कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में हमने एक सच्चा जनसेवक, खो दिया वे एक मृदुभाषी और सरल व्यक्ति थे, जो कि दलितो और पिछड़ों के बहुत बड़े हितैषी थे। समाज के सभी वर्गों के लोग उनसे बहुत प्रेम रखते थे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे।

# किसान मोर्चा ने पुलवामा हमले की जांच के लिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा




संवाददाता

डोईवाला। संयुक्त किसान मोर्चा डोईवाला ने तहसील कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर पुलवामा हमले की जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति व किसानों को गन्ने के बकाया भुगतान करने तथा सोंग नदी में आवंटन किये गए खनन पट्टों को निरस्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन।

आज सुबह 11 बजे गन्ना सोसायटी में संयुक्त किसान मोर्चे की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मोर्चे के अध्यक्ष ताजेन्द्र सिंह व संचालन बलबीर सिंह ने किया। बैठक के बाद किसान मोर्चे के लोग जोरदार नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए मोर्चे के अध्यक्ष ताजेन्द्र सिंह व किसान सभा जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह ने कहा कि पुलवामा हमला देश की सुरक्षा पर बहुत बड़ा हमला था जिसमे हमने अपने 40 बहादुर सैनिकों को खोया। उन्होंने कहा कि लम्बे अरसे के बाद जब उस वक्त के जम्मू कश्मीर के गवर्नर और भाजपा नेता ने एक सनसनी खेज खुलासा करते हुए पूरे देश मे खलबली मचा दी जिसमे उन्होंने देश की केंद्र की सरकार पर इल्जाम लगाते हुए हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया। जिसकी किसान मोर्चा कड़े शब्दों में निंदा करता है और महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ ठोस कार्यवाही की मांग करता है ताकि शहीदों को इंसाफ मिल सके। प्रदर्शन कारियों को सम्बोधित करते हुए आंदोलनकारियों को किसान सभा किसान यूनियन के गढ़वाल मंडल के महामंत्री रणबीर सिंह चौहान और किसान नेता उमेद बोरा ने कहा कि सत्यपाल मलिक के खुलासे के बाद केंद्र सरकार उनको सीबीआई का डर दिखाकर डराना चाहती है जो घोर निन्दनीय है।

किसान यूनियन की जिलाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह खालसा और किसान सभा मण्डल अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सोंग नदी में रिवरट्रेनिंग के अंतर्गत खनन पट्टे आवंटित किए है जिनको लेकर किसानों में रोष है क्योंकि सोंग नदी में खनन होने से नदी की सतह नीचे जाने के कारण सिंचाई के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले पानी को खेतों तक लेकर जाना बहुत मुश्किल हो जाएगा जिससे क्षेत्र की हजारों बीघा कृषि भूमि बंजर हो जाएगी। किसानों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए खनन पट्टों को निरस्त किये जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को उप जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

जिला उपाध्यक्ष याकूब अली ने डोईवाला गन्ना मिल द्वारा पूर्ण भुगतान की मांग को लेकर कहा कि मिल द्वारा अभी 75 दिन का भुगतान दिया जाना शेष है जबकि 15 अप्रैल2023 को गन्ने का पैराई सत्र समाप्त हो चुका है । मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में शीघ्र भुगतान की मांग की गई। किसान नेता गुरदीप सिंह, जगजीत सिंह व गुरदेव सिंह ने भी किसानों को सम्बोधित करते हुए किसानों की सुविधा हेतु अनाज व सब्जी मंडी के साथ साथ डोईवाला में कोल्डस्टोरेज बनाने की भी मांग की ताकि किसानों को अपनी फसल का वाजिब दाम मिल सके एवं गन्ने की फसल की निर्भरता भी समाप्त हो सके।

ज्ञापन देने वालो में प्रेम सिंह, गुरचरण सिंह, एडवोकेट मनोहर सिंह सैनी, एडवोकेट महेश लोधी, इलियास अली, गुरपाल सिंह, बलबीर सिंह उर्फ बिंदा, अजीत सिंह, किरण कुमार, संदीप सिंह, किशन सिंह, इन्दर जीत सिंह, हरबंश सिंह,आदि काफी संख्या में किसान शामिल हुए।

## बगैर बताये फसल काटने पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। बिना बताये फसल काटकर ले जाने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्रावाला निवासी जस बहादुर सिंह ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि वह आज जब अपने खेत में गया तो देखा कि उसके खेत में उगी फसल गायब थी तथा कोई उसकी फसल काटकर अपने साथ ले गया। उसने जब आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि उसकी फसल को ठाकुर भवन हर्रावाला निवासी अवध बहादुर सिंह पुत्र राजपत सिंह, दिनेश कुमार सिंह, गणेश बहादुर सिंह, संजय कुमार ठाकुर, अजय कुमार सिंह काटकर अपने साथ ले गये हैं।

## मोबाइल चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने दुकान के काउंटर से मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दशमेश कालोनी निवासी एकरूप सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी दुकान सहारनपुर चौक पर स्थित है। गत दिवस उसने अपना मोबाइल आई फोन 11 अपने काउंटर पर रखा था वहं समान लेने दुकान में पीछे गया तो बाहर आकर देखा उसका मोबाइल चोरी हो चुका था।

## अभिकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र मिलेगा पोस्ट मास्टर सेः केके सिंधी



संवाददाता

ऋषिकेश। राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता एसोसिएशन के संरक्षक केके सिंधी ने कहा कि अभिकर्ताओं की समस्याओं के लिए शीघ्र पोस्ट मास्टर से मिलकर जानकारी दी जायेगी।

आज यहां राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता एसोसिएशन के तत्वावधान में एक आवश्यक बैठक का आयोजन गंगानगर में किया गया हैं। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की डाकघर ऋषिकेश ने जो नियम अभिकर्ताओं के लिए बनाए हैं उस संबंध में शीघ्र ही अभिकर्ताओ का एक प्रतिनिधिमंडल पोस्ट मास्टर और डिप्टी पोस्ट मास्टर ऋषिकेश से, अभिकर्ताओं कि समस्याओं को लेकर वार्तालाप करेगा। यह जानकारी महामंत्री अजय गुप्ता ने देते हुए बताया है कि उनके साथी अभिकर्ताओ ने उसको सेवा करने का जो मौका दिया है वह बिना भेदभाव के विकास कार्य और अभिकर्ता के हितों के लिए कार्य करेंगे और उन्होंने अभिकर्ताओ को एकजुट होने का आह्वान भी किया है। अध्यक्ष केके सचदेवा ने सभी अभिकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदारी के साथ काम करेंगे उन्होंने कहा कि हमारा सबका कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक निवेशकों का धन राष्ट्रीय बचत योजनाओं में लगाकर प्रदेश व देश की सेवा कर खुशहाली लाएं। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक व पूर्व पोस्ट मास्टर कृष्ण कुमार सिंधी व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष हंसराज मंदोलिया ने करते हुए पोस्ट मास्टर व डिप्टी पोस्ट मास्टर से अभिकर्ताओं की समस्याओं को लेकर मिलने का निर्णय लिया है। बैठक में महामंत्री अजय गुप्ता, अजय ब्रेजा,हंसराज मंडोलिया, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेंद्र रैना, एच एम लाल, शशि मिश्रा, संगीता मल्ल, गोल्डी ब्रेजा, गीता सचदेवा, रेखा गुप्ता, संगीता अग्रवाल, कान्ता, सरोजिनी मंदोलिया, अनीता रैना संगीता अग्रवाल एवं तमाम अभिकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

# अब इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की मनमानी पर लगेगी लगाम !

नई दिल्ली। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट टैक्स चोरी को पकड़ने के लिए छापेमारी व तलाशी अभियान चलाते रहता है। ऐसे मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने करदाताओं को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 153ए के तहत करदाता की इनकम को नहीं बढ़ाया जा सकता है, अगर तलाशी के दौरान कोई ठोस सबूत नहीं मिले हों। ऐसा माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट का यह ताजा फैसला करदाताओं को बड़ी राहत प्रदान कर सकता है। वहीं इसके साथ-साथ इस बात की भी उम्मीद की जा रही है कि ऐसे मामलों में कर विभाग की मनमानी कम होगी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस बात का विकल्प खुला छोड़ा है कि अगर बाद में कोई ठोस सबूत निकलकर सामने आता है, तो ऐसे में कर विभाग कर चोरी के मामले को फिर से खोल सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि आयकर कानून की धारा 153ए के तहत जिन मामलों में असेसमेंट पूरा हो चुका है, उन्हें आयकर विभाग फिर से नहीं खोल सकता है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने कहा है कि अगर तलाशी या जब्ती अभियान के दौरान कोई ठोस सबूत मिलते हैं तो ही री-असेसमेंट ऑर्डर जारी किए जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात कहते हुए हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। यह फैसला न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया की पीठ ने सुनाया। उन्होंने कहा कि री-असेसमेंट एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसका करदाताओं के ऊपर बड़ा असर होता है। टैक्स एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे करदाताओं को काफी राहत मिलेगी। साथ ही इस फैसले से कर अधिकारियों की ओर से मनमाने री-असेसमेंट में कमी आने की उम्मीद है। इनकम टैक्स एक्ट की धारा 153ए उस व्यक्ति की इनकम तय करने की प्रक्रिया बताती है, जिसके खिलाफ तलाशी ली गई है। इसका उद्देश्य अघोषित आय को टैक्स के दायरे में लाना है। मामलों को इनकम टैक्स एक्ट की धारा 147 व 148 के तहत फिर से खोला जा सकता है।

# चन्दन रामदास के निधन पर शोक जताया

संवाददाता

देहरादून। प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री चन्दन रामदास के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने शोक प्रकट कर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। आज यहां महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने उत्तराखण्ड प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री चन्दन रामदास के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चन्दन रामदास का असमय आकस्मिक निधन उत्तराखण्ड राज्य की अपूर्णीय क्षति है उनके निधन से हुई रिक्ति की पूर्ति नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष से लेकर उत्तराखण्ड सरकार में काबिना मंत्री तक उनके राजनैतिक सफर में उन्होंने प्रदेश एवं क्षेत्रीय जनता को जो सेवायें दी हैं उसके लिए वे सदैव याद किये जाते रहेंगे। उन्होंने भगवान से स्व. चन्दन रामदास की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा उनके परिजनों को सांत्वना प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# शराब पिलाने पर 6 रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार, 26 का चालान

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने रेस्टोरेंट में शराब पिलाने पर छह संचालकों को गिरफ्तार कर 26 का पुलिस एक्ट में चालान किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में थाना रायपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रों में शराब परोसने वाले होटल/ रेस्टोरेंट मालिको/ संचालकों, सार्वजनिक स्थलो में शराब पीने वालों व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थानाध्यक्ष रायपुर द्वारा स्वयं के नेतृत्व में चार अलग-अलग टीमें गठित की। गठित पुलिस टीमों द्वारा मालदेवता, चुना भट्टा, सोडा सरोली थाना रोड, रिंग रोड तथा मयूर विहार क्षेत्र में अभियान चलाकर सभी होटल/ रेस्टोरेंट में चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा 06 होटल/ रेस्टोरेंट मालिकों को शराब पिलाने पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों ने अपने नाम विजेंदर सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी ग्राम पोस्ट ऑफिस सेंड तहसील गजा टिहरी गढ़वाल, गब्बर सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी राणा गेस्ट हाउस रिंग रोड गढ़वाली कॉलोनी, ध्रुव सिंह पुत्र फतेह सिंह निवासी नियर सहस्त्रधारा हेलीपैड, सुरेन्द्र डंगवाल निवासी ग्राम करौंदी पोस्ट मैरी प्रताप नगर थाना लमगांव टिहरी गढ़वाल, चतर सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी वाणी विहार रायपुर, रजत भंडारी पुत्र रविंदर सिंह निवासी रायपुर विक्रम स्टैंड बताये सभी 06 मालिकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया साथ ही सार्वजनिक स्थानों होटल रेस्टोरेंट में शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 26 लोगों का पुलिस एक्ट में चालान कर 8000 जुर्माना वसूला गया।

# कल खुलेंगे बद्रीनाथ धाम के कपाट

विशेष संवाददाता

चमोली। कल 27 अप्रैल को प्रातः 7:10 पर भगवान बद्री विशाल धाम के कपाट विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए जाएंगे। नारायण के दर्शनों को लेकर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है तथा धाम को सजाया जा चुका है।



- उद्धव व कुबेर की डोलिया धाम पहुंची
- 20 क्विंटल फूलों से सजाया गया धाम
- बर्फ ने किया धाम का प्राकृतिक श्रृंगार
- श्रद्धालुओं में दिख रहा है भारी उत्साह

आज उद्धव और कुबेर की डोलिया बद्रीनाथ धाम पहुंच चुकी हैं वही आदि शंकराचार्य की गद्दी और रावल ईश्वरी प्रसाद लंम्बूदरी भी धाम पहुंच चुके हैं। भगवान बद्री विशाल की डोली ताज पांडुकेश्वर से जब धाम के लिए रवाना हुई तो बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती देखी गई।

आज शाम तक नारायण की डोली धाम पहुंच जाएगी जहां पहले से ही मौजूद हजारों यात्री और श्रद्धालु उनकी राह देख रहे हैं। इससे पहले कल जोशीमठ में नरसिंह मंदिर में भव्य गरुड़ धार मेले का आयोजन किया गया जिसमें भगवान बद्री विशाल को गरुड़ पर बैठाकर धाम रवाना करने की परंपरा है।

बद्रीनाथ धाम में इस समय प्राकृतिक सौंदर्य और छटा देखते ही बनती है। जहां एक ओर अभी हाल में हुई बर्फबारी के कारण बर्फ ने धाम का प्राकृतिक श्रृंगार किया हुआ है।

वहीं बीते कल से ही श्रद्धालु व सेवादार धाम को सजाने में लगे हुए हैं। 20-25 कुंटल ताजा गेंदे व गुलाब के फूलों से भगवान का द्वार सजाया गया है। धाम में यात्रियों के रहने खाने और ठहरने की व्यवस्था की गई है। भगवान के स्वागत की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और अब श्रद्धालुओं को भगवान बद्री विशाल की डोली पहुंचने का इंतजार है और इंतजार है उस पल का जब कल सुबह 7:10 पर बद्रीनाथ धाम के कपाट विधिवत पूजा अर्चना के साथ खोले जाएंगे और श्रद्धालु उनके दर्शन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट 22 अप्रैल को खोले जा चुके हैं तथा केदार धाम के कपाट 25 अप्रैल को खुल चुके हैं कल 27 अप्रैल को बद्री विशाल धाम के कपाट खुलने के साथ ही सभी चारों धामों की यात्रा विधिवत शुरू हो जाएगी। चार धाम यात्रा के लिए अब तक 19 लाख से अधिक श्रद्धालु अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

# कैसी शिक्षा देगा नशे में धुत्त शिक्षक, विभाग मौन

हमारे संवाददाता

देहरादून। प्रदेश को 2025 तक नशा मुक्त बनाने की बात जहां सीएम धामी द्वारा कही जाती रही है वहीं राज्य में नशावृत्ति का आलम यह है कि यहां सरकारी विभागों के कर्मचारी व अधिकारी तक नशे में अपनी ड्यूटी बजा रहे है। पिछले दिनों राज्य की राजधानी देहरादून के रायपुर क्षेत्र में एक चिकित्सक को शराब के नशे में पाया गया था वहीं एक बार फिर पौड़ी जिले के एक विद्यालय में व्यायाम का शिक्षक नशे में पहुंच कर हंगामा करता मिला। जिसका वीडियों सोशल मीडिया में जारी होने के बाद अब विभाग उसके खिलाफ कार्यवाहीं की बात कह रहा है।

उत्तराखण्ड में नशा इतने अधिक चरम पर पहुंच चुका है कि अब उसकी रोकथाम के लिए सरकार को कड़े प्रयास करने होगें। राज्य के सरकारी महकमों में अगर नजर दौड़ाई जाये तो यहां अधिकतर हर विभाग में नशे के आदी लोग मिलना आम बात है। हैरत की बात यह है कि सरकार एक तरफ राज्य को 2025 तक नशा मुक्त बनाये जाने की बात कह रही है वहीं दूसरी ओर उसके ही सरकारी कर्मचारी उसके नशा मुक्त उत्तराखण्ड बनाये जाने की बात को झूठा साबित करने में जुटे हुए है। बीते कुछ समय पूर्व राज्य की राजधानी देहरादून के रायपुर स्थित एक सरकारी अस्पताल में एक डाक्टर नशे में धुत्त पाया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जारी हुआ तो विभाग द्वारा उक्त चिकित्सक को हटा दिया गया। यह तो राज्य की राजधानी की बात है जहां सीएम से लेकर डीएम तक मौजूद है। ऐसे में पहाड़ों का आलम क्या होगा। यह सोशल मीडिया में जारी एक अन्य वीडियों में सामने आ रहा है। वीडियों में दिख रहा एक व्यक्ति नशे में धुत्त है और वह हंगामा करता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियों चौबटटाखाल विधानसभा के बीरोखाल ब्लाक का है। यहां राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक शराब के नशे में विद्यालय पहुंचा और हंगामा काटने लगा। मामले की जानकारी जब शिक्षा विभाग को मिली तो अब विभाग इस पर कार्यवाहीं की बात कर रहा है। बताया यहां तक जा रहा है कि यह शिक्षक पूर्व में भी ऐसे ही शराब के नशे में विद्यालय में हंगामा काट चुका है जिसके कारण उस पर विभागीय कार्यवाही भी हो चुकी है। देखना होगा कि अब शिक्षा विभाग इस पर क्या और कब तक कार्यवाही करता है।

# रास्ते को लेकर हुए विवाद में लाठी, डंडे व तलवारे चली, सात घायल

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के लोग आपस में भिड़ जाने से जहां लाठी डंडे चलने के साथ पथराव हुआ वही तलवार से हमला किये जाने से सात लोग घायल भी हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस अब जांच में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर में एक पक्ष द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा था वहीं दूसरे पक्ष द्वारा उक्त स्थान पर रास्ता होने की बात कही गई। जिस पर दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक शुरू हुई और मामला मारपीट तक जा पहुंचा। बताया जा रहा है कि इस दौरान दोनो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इतना ही नहीं जमकर पथराव और तलवारबाजी भी हुई। जिसमें दोनों पक्षों के करीब सात लोग घायल हो गए। जिनमें से चार की गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया है। घायलों में एक पक्ष से हनीफ,सनव्वर,रईस,कौसर शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से मुकर्रम, आजम पहलवान और मंसूर अली हैं। मामले की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से तलवार और अन्य सामान बरामद किया है। उधर, सिविल अस्पताल में दोनों पक्षों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं विधायक फुरकान अहमद भी सिविल अस्पताल में पहुंचे है। कोई विवाद न हो इसे देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। गंगनहर कोतवाली प्रभारी बीएल भारती ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला 11 जवान शहीद, मुठभेड़ जारी

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों के हमले में 11 जवानों के शहीद होने की खबर है नक्सलियों द्वारा इस हमले में आईईडी का इस्तेमाल किया गया है। जानकारी के मुताबिक इस हमले में एक ड्राइवर व 10 डीआरजी के जवानों की मौत की खबर है। मौके पर पहुंची पुलिस व सीआरपीएफ के बीच समाचार लिखे जाने तक नक्सलियों के साथ मुठभेड़ जारी थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि किसी भी नक्सली को बख्शा नहीं जाएगा।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*